# नोएडा में खुलेगा ली-आयन सेल्स का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए आईटी ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने नोएडा में ली-आयन सेल्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इससे जहां बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए प्रोटोटाइप तैयार किए जा सकेंगे, वहीं 7,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सिलेंस से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के डिप्लोमा धारकों, आईटीआई, बीएससी व एमएससी पास युवाओं को 'सर्टिफिकेशन इंजिनियर्स' के रूप में नामित किया जा सकेगा। अपर मुख्य सचिव (आईटी) आलोक कुमार ने कहा कि इससे यूपी में पावर बैंक और मोबाइल हैंडसेट की डिजाइनिंग और डिवेलपमेंट हब के लिए भी माहौल तैयार होगा। सेंटर से ली-आयन सेल आधारित उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। सेंटर इंडियन सेल्युलर ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स असोसिएशन, यूपी और केंद्र सरकार मिलकर लगाएंगे। 25% खर्च यूपी और 75% खर्च केंद्र व औद्योगिक संगठन उठाएंगे। प्रदेश में तीन सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित किए जाने का लक्ष्य है।

## इनमें मिलेगा सहयोग

सेंटर से ली-आयन सेल आधारित उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी मॉनिटरिंग सिस्टम, सोलर बैटरी पैक, जीपीएस नेविगेशन सिस्टम, ट्रेनों और बसों के लिए टिकट वेंडिंग मशीन, पावर बैंक, ब्लू टूथ स्पीकर, चार्जर, स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम, चार्जर, वायरलेस चार्जर, रेडियो, यूपीएस सिस्टम, राउटर्स, साउंडमीटर आदि के निर्माण में सहयोग किया जाएगा।